**प्रेस नोट**
**दिनांक 24.09.2025**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत गठित थाना को0 नगर व को0 देहात के मिशन शक्ति केन्द्रों का किया गया निरीक्षण, सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–

गोण्डा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ बनाने हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज–5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आज दिनांक 24.09.2025 को थाना कोतवाली नगर एवं कोतवाली देहात स्थित मिशन शक्ति केन्द्रों का विस्तृत एवं गहन निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रों में उपलब्ध सभी आवश्यक भौतिक सुविधाओं, जैसे महिला हेल्प डेस्क कक्ष, परामर्श कक्ष, कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, रजिस्टर एवं डिजिटल रिकॉर्ड प्रणाली, पीने के स्वच्छ जल की व्यवस्था, स्वच्छ एवं सुरक्षित महिला शौचालय, प्रतीक्षालय तथा पीड़ित महिलाओं के लिए बैठने एवं परामर्श की पर्याप्त व्यवस्था आदि का विधिवत परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रभारी निरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक, महिला आरक्षी, महिला होमगार्ड तथा अन्य पुलिस कर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था, समयपालन, कार्यशैली एवं संवेदनशीलता का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक कर्मचारी **आई0जी0ओ0टी0** कर्मयोगी पोर्टल पर अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणित हो ताकि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में समयोचित, संवेदनशील और कानूनी दृष्टि से प्रभावी कार्यवाही की जा सके। महोदय ने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के पंजीकरण, निस्तारण, प्रथम स्तर की काउंसलिंग, परामर्श और अनुवर्ती कार्यवाही की पारदर्शिता की जांच की और प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बीट प्रणाली, एण्टी रोमियो स्क्वाड, महिला सुरक्षा गश्त, स्कूल–कॉलेजों में जनजागरूकता कार्यक्रम, साइबर क्राइम से बचाव संबंधी जागरूकता तथा पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु की जा रही सभी गतिविधियों की गहन समीक्षा करते हुए इन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त महोदय ने मिशन शक्ति केन्द्रों के वन स्टॉप सेंटर, परिवार परामर्श केन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति, महिला कल्याण विभाग एवं अन्य समन्वयक संस्थाओं से बेहतर तालमेल स्थापित करने और प्रत्येक पीड़िता को पुलिस सहायता के साथ–साथ कानूनी, चिकित्सीय, पुनर्वास और क्षतिपूर्ति संबंधी योजनाओं का लाभ दिलाने के स्पष्ट निर्देश दिए साथ ही यह भी कहा कि सभी थानों में मिशन शक्ति केन्द्र के प्रभारी का मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत स्तर तक प्रसारित कर जन–जागरूकता को बढ़ाया जाए और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की प्रत्येक महिला को यह जानकारी हो कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में वह तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता महिलाओं और बालिकाओं के साथ अत्यंत संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उन्हें किसी भी परिस्थिति में असुविधा या भय का अनुभव न हो। निरीक्षण के उपरान्त **पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि "मिशन शक्ति केन्द्र केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार है, अतः प्रत्येक थाने का यह केन्द्र पीड़िताओं को न्याय, कानूनी सहायता, परामर्श और आवश्यक सहयोग प्रदान करने में पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ कार्य करेगा**, ताकि कोई भी महिला या बालिका न्याय और सहायता से वंचित न रहे।" महोदय ने आश्वस्त किया कि जनपद गोण्डा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए पूर्णतः संकल्पबद्ध है तथा नियमित समीक्षा–निरीक्षण, संसाधन सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जन–जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 24.09.2025**

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपदीय एण्टीरोमियों स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक, फीडबैक फार्म भरवाकर चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में शोहदों/मंचलों दिए गए रेडकार्ड–**

गोण्डा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारी व एण्टी रोमियों स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान टीमों ने गांवों, कस्बों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में टीमों ने महिलाओं/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने–जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए तथा फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बताया गया, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है–

**112– पुलिस आपातकालीन सेवा**
**1090– वूमेन पावर हेल्पलाइन**
**1076– माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**
**108– एंबुलेंस सेवा**
**1930– साइबर अपराध हेल्पलाइन**
**1098– चाइल्ड हेल्पलाइन**
**102– स्वास्थ्य सेवा**

इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों, जैसे अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना, बैंक संबंधी धोखाधड़ी से बचाव, और सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने के तरीकों की जानकारी दी गई। टीमों द्वारा यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी है, ताकि वे हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। एण्टीरोमियों स्क्वायड टीमों द्वारा जनपद के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई तथा शोहदों/मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी हरकत दोहराने पर उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा एण्टी–रोमियो स्क्वायड की कार्यवाही के क्रम में शोहदों/मनचलों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि "महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की हरकत दोहराता है तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करते हुए कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।"**

**मीडिया सेल,गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 24.09.2025</u>**

## <u>बरवार समुदाय के उत्थान हेतु पुलिस की पहल, थाना धानेपुर व मोतीगंज में चौपाल आयोजित–</u>

गोण्डा। बरवार समुदाय के उत्थान एवं सामाजिक सुधार हेतु थाना धानेपुर एवं थाना मोतीगंज क्षेत्र में चौपालों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने दोनों क्षेत्रों में गहन सर्वेक्षण और संवादात्मक बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी महोदय शिल्पा वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर श्री विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मोतीगंज व धानेपुर, राजस्व विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग और आंगनवाड़ी/आशा बहू की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। बैठकें ग्राम दुल्हापुर (धानेपुर) तथा ग्राम छजवा (मोतीगंज) में आयोजित की गईं, जिसमें लगभग 200 बरवार नागरिक, महिला, नवयुवक और शिक्षार्थी बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय के लोगों की समस्याओं को समझना, उनकी सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों की पहचान करना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर विकास की दिशा में मार्गदर्शन देना था। विभिन्न विभागों ने शासन स्तर से मिलने वाली योजनाओं, सुविधाओं और विकास से संबंधित जानकारी साझा की। पुलिस विभाग की ओर से पहले अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे बरवार समुदाय के लोगों को अपराध न करने और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। नवयुवकों ने आश्वस्त किया कि वे अब शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और अपने परिवार के साथ समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। चौपालों में उपस्थित नागरिकों के नाम, पता, परिवार की संख्या और रोजगार की जानकारी मौके पर रजिस्टर में अंकित की गई। बैठक के दौरान नागरिकों को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने–जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है

**<u>पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी जातियों और समुदायों को मुख्यधारा में लाना और उनका समग्र विकास सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। इस पहल के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह संदेश दिया कि सामाजिक सुधार और समुदाय के उत्थान में पुलिस केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।</u>**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 24.09.2025**

**पुलिस महानिरीक्षक देवी पाटन व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत गठित थाना को0 नगर स्थित मिशन शक्ति केंद्र का किया गया निरीक्षण–**

गोण्डा। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज–5.0) के तहत पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन श्री अमित पाठक व पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने थाना कोतवाली नगर के मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, परामर्श कक्ष, डिजिटल रजिस्ट्रेशन प्रणाली, स्वच्छ जल व शौचालय सहित सभी सुविधाओं की समीक्षा की गई। महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण, समयबद्ध काउंसलिंग और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महोदय  ने महिला सुरक्षा गश्त, एंटी रोमियो स्क्वाड, स्कूलदृकॉलेज जागरूकता, साइबर क्राइम से बचाव और वन स्टॉप सेंटर, विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य एजेंसियों से समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया। साथ ही सभी थानों में मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी का मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत स्तर तक प्रसारित करने और पीड़ित महिलाओं से सम्मानजनक व्यवहार की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण उपरान्त उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों एवं लाभ के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर पंपलेट वितरित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिलादृसशक्तिकरण एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

**पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया कि "मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं की सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार है, जो पीड़िताओं को न्याय, परामर्श और कानूनी सहायता प्रदान करेगा।"**

**मीडिया सेल, गोण्डा**